RPSC वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) पेपर II सामाजिक विज्ञान 2024

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर राजस्थान की नदी की पहचान कीजिए -
यह नदी हरिपुरा गांव की पहाड़ियों (चित्तौड़गढ़) से उद्गमित होती है।
यह चम्बल नदी में भैंसरोड़गढ़ के पास मिल जाती है।
कूट -

(A) चाकण
(B) बामनी ✓
(C) गम्भीरी
(D) मेज़

Q.2

निम्नलिखित में से कौन बंगाल में क्रांतिकारी संस्था 'अनुशीलन समिति' की स्थापना से संबंधित थे?
(i) बरिन्द्र कुमार घोष
(ii) भूपेन्द्र दत्त
(iii) खुदीराम बोस
(iv) प्रफुल्ल चाकी
सही कूट का चयन कीजिए -
कूट -

(A) केवल (i) व (ii)
(B) केवल (i), (ii) व (iii)
(C) केवल (iii) व (iv)
(D) (i), (ii), (iii) व (iv) सभी ✓

Q.3

यदि सरकार 'X' वस्तु पर उत्पाद शुल्क लगाती है, तो -

(A) 'X' के माँग व पूर्ति वक्रों में कोई परिवर्तन नहीं होता।
(B) वस्तु 'X' का पूर्ति वक्र दाहिनी तरफ विवर्तित हो जायेगा।
(C) वस्तु 'X' का पूर्ति वक्र बायीं तरफ विवर्तित हो जायेगा। ✓
(D) वस्तु 'X' का माँग वक्र दाहिनी तरफ विवर्तित हो जायेगा।

Q.4

मनरेगा के संबंध में निम्न कथनों पर विचार करें -
A. इसकी शुरुआत 2006 में हुई थी।
B. इसके तहत, NREP और RLEGP का विलय कर दिया गया।
सही विकल्प चुनें -

(A) केवल B सही है
(B) A और B दोनों सही हैं
(C) A और B दोनों गलत हैं
(D) केवल A सही है ✓

Q.5

"उष्णकटिबंधीय-आर्द्र सदाबहार वन", भारत में निम्न में से किस भाग में अधिकतर पाये जाते हैं?

(A) मध्य भाग
(B) उत्तर-पूर्व ✓
(C) उत्तर-पश्चिम
(D) दक्षिण-पूर्व

Q.6

भारत सरकार का उपक्रम 'इन्स्ट्रूमेंटेशन लिमिटेड' कहाँ स्थित है-

(A) खेड़ली
(B) अजमेर
(C) कोटा ✓
(D) चित्तौड़गढ़

Q.7

बेरोजगारी की सामान्य स्थिति यह भी कहलाती है -

(A) छिपी हुई बेरोजगारी
(B) चक्रीय बेरोजगारी
(C) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(D) खुली बेरोजगारी ✓

Q.8

निम्न में से कौनसे कथन कींस के उपभोग फलन के बारे में सही हैं? नीचे दिये गये कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए -
(i) मौद्रिक उपभोग, मौद्रिक आय का स्थिर फलन है।
(ii) उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति (MPC) धनात्मक तथा एक से कम होती है।
(iii) दीर्घकालीन MPC, अल्पकालीन MPC से अधिक होती है।
(iv) आय बढ़ने पर APC घटती है तथा MPC, APC से कम होती है।

कूट -

(A) केवल (i) तथा (ii) सही हैं
(B) केवल (ii), (iii) तथा (iv) सही हैं
(C) (i), (ii), (iii) तथा (iv) सही हैं ✓
(D) केवल (i), (ii) तथा (iii) सही हैं

Q.9

निम्नांकित में से कौन राजनीति विज्ञान को 'प्रभाव व प्रभावित होने का अध्ययन' मानता है?

(A) स्टीवन ल्यूक्स
(B) एच. लॉसवेल ✓
(C) रिचर्ड बेलामी
(D) मैक्स वेबर

Q.10

निम्नांकित में से किस वर्ष में, 'कोसोवो में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम प्रशासन मिशन' की स्थापना की गई?

(A) 1999 ✓
(B) 1997
(C) 1995
(D) 1998

Q.11

योगेन्द्र सिंह के अनुसार निम्न में से कौनसा जाति व्यवस्था में परिवर्तन का कारण नहीं है?

(A) निजीकरण ✓
(B) नगरीकरण
(C) औद्योगिकीकरण
(D) आधुनिकीकरण

Q.12

प्राचीन समय में, परिवार में सन्तानोत्पत्ति के उद्देश्य से स्त्री को अपने पति के अतिरिक्त किसी अन्य पुरुष के साथ यौन सम्बन्ध स्थापित करने की अनुमति को क्या कहा जाता था?

(A) करेवा
(B) निकटाभिगमन
(C) ताली संस्कार
(D) नियोग ✓

Q.13

'प्राथमिक समूह मानव स्वभाव की पोषिका (नर्सरी) हैं, यह किसने कहा है?'

(A) ऑगस्टे कॉम्टे
(B) जी.एच. मीड
(C) सी.एच. कूले ✓
(D) एमिल दुर्खीम

Q.14

प्रक्रियात्मक न्याय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(I) प्रक्रियात्मक न्याय की धारणा, समाजवाद के दर्शन के अनुरूप है।
(II) यह बाजार अर्थव्यवस्था के नियमों को मानव व्यवहार के आदर्श नियमों के रूप में मानता है।
सही विकल्प चुनिये -

(A) कथन (I) और (II) दोनों सही नहीं हैं
(B) केवल कथन (II) सही है ✓
(C) केवल कथन (I) सही है
(D) कथन (I) और (II) दोनों सही हैं

Q.15

सूची-I का मिलान सूची-II से कीजिए -

सूची-I (संविधान सभा की समितियाँ)	सूची-II (समिति के अध्यक्ष)
(I) संघ शक्ति समिति	(a) बी.आर. अम्बेडकर
(II) मूल अधिकार एवं अल्पसंख्यक समिति	(b) जे.एल. नेहरू
(III) कार्य संचालन समिति	(c) के.एम. मुंशी
(IV) प्रारूप समिति	(d) वल्लभ भाई पटेल

कूट -

(A) I-(c), II-(b), III-(d), IV-(a)
(B) I-(d), II-(b), III-(c), IV-(a)
(C) I-(b), II-(d), III-(c), IV-(a) ✓
(D) I-(b), II-(c), III-(d), IV-(a)

Q.16

सोक्रेटिक पद्धति को द्वन्द्वात्मक कहा जाता है क्योंकि-

(A) यह प्रश्न और उत्तर की पद्धति है।
(B) यह तर्क और प्रति-तर्क की पद्धति है।
(C) यह एक शिक्षा की पद्धति है।
(D) यह एक आत्म-ज्ञान की पद्धति है।

Q.17

सामाजिक विज्ञान शिक्षण में, पाठ्यवस्तु को पाठ्यचर्या के अन्य विषयों से सम्बन्धित करना कहलाता है –

(A) लम्बवत् सह-सम्बन्ध
(B) अनुप्रस्थीय सह-सम्बन्ध ✓
(C) क्रॉस सह-सम्बन्ध
(D) समानान्तर सह-सम्बन्ध

Q.18

सूची-I का सूची-II से मिलान करें और अधिनियम और संविधान में किए गए संशोधन के सम्बन्ध में नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनें -

सूची-I (अधिनियम)
(A) संविधान (तिरानवेवाँ संशोधन) अधिनियम
(B) संविधान (चौरानवेवाँ संशोधन) अधिनियम
(C) संविधान (पिचानवेवाँ संशोधन) अधिनियम
(D) संविधान (छियानवेवाँ संशोधन) अधिनियम

सूची-II (संशोधन)
(i) अनुच्छेद 334 में संशोधन
(ii) आठवीं अनुसूची में संशोधन
(iii) अनुच्छेद 164 में संशोधन
(iv) अनुच्छेद 15 में खंड (5) की अन्तः स्थापना

(A) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(B) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(ii) ✓
(C) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)
(D) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)

Q.19

एडगर डेल के अनुसार, निम्न में से कौनसा अप्रत्यक्ष अमूर्त अनुभवों का उच्चतम स्तर है?

(A) दृश्य संकेत
(B) शाब्दिक संकेत ✓
(C) प्रदर्शनी
(D) क्षेत्र भ्रमण

Q.20

'निर्गुण ब्रह्म' के संदर्भ में 'नेति-नेति' का प्रयोग किया गया है, जो दर्शाता है कि -

A यह ब्रह्म विषयक गुणों का निषेध है
B यह ब्रह्म की अनिर्वचनीयता का बोध है
C यह ब्रह्म के स्वरूप का सगुण विवेचन है
D इसकी परिणति मौन में है

सही विकल्प का चयन करें -

(A) A, B व D सही हैं ✓
(B) A, B व C सही हैं
(C) B व C सही हैं
(D) A व B सही हैं

Q.21

औपचारिक एवं अनौपचारिक समूह योजना किस शिक्षण विधि के रूप हैं?

(A) समस्या समाधान
(B) मस्तिष्क उद्वेलन
(C) प्रायोजना
(D) सामाजिक अभिव्यक्ति ✓

Q.22

जैन धर्म के भिक्षुओं के लिये 'भोजन द्वारा हिंसा न होने' सम्बन्धी 'समिति' कहलाती है -

(A) एषणा समिति ✓
(B) ईर्या समिति
(C) व्युत्सर्ग समिति
(D) भाषा समिति

Q.23

निम्नलिखित में से कौनसा वैज्ञानिक प्रबन्ध का सिद्धान्त नहीं है?

(A) सहकारिता के स्थान पर व्यक्तिवाद ✓
(B) अंगूठे के नियम के स्थान पर विज्ञान का उपयोग
(C) संघर्ष के स्थान पर मैत्री
(D) सीमित उत्पादन के स्थान पर अधिकतम उत्पादन

Q.24

भारत में, मुद्रा पूर्ति का निम्न में से कौनसा माप सर्वाधिक तरल है?

(A) $M3$
(B) $M1$ ✓
(C) $M4$
(D) $M2$

Q.25

आमण्ड और पॉवेल के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसे राजनीतिक व्यवस्था के निर्गत हैं?
(I) विनियामक निर्गत
(II) संचयी निर्गत
(III) वितरणी निर्गत
(IV) प्रतीकात्मक निर्गत
सही विकल्प चुनिये -

(A) केवल (I), (III) और (IV). ✓
(B) केवल (II), (III) और (IV)
(C) (I), (II), (III) और (IV)
(D) केवल (I), (II) और (III)

Q.26

वेदों के बारे में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?

(A) ऋग्वेद सर्वाधिक प्राचीन है।
(B) वेदों में केवल अलौकिक विषयों का ज्ञान भरा है। ✓
(C) यजुर्वेद में कर्मकाण्ड सम्बन्धी चर्चा है।
(D) वेद अपौरुषेय हैं।

Q.27

निम्न में से कौनसा मानवीय संबंध उपागम का मुख्य प्रस्ताव नहीं है?

(A) कर्मचारियों का निजी हित ✓
(B) अभिप्रेरण
(C) कर्मचारियों का अनौपचारिक संगठन
(D) व्यक्तिगत अंतर

Q.28

निम्नलिखित में से कौन फ्रांस के कॉर्डेलियर्स क्लब के सदस्य नहीं था?

(A) मैराट
(B) डेंटन
(C) हैवर्ट
(D) रॉबस्पियर ✓

Q.29

प्रोजेक्ट पद्धति निम्नांकित में से किस दार्शनिक विचारधारा पर आधारित है?

(A) आदर्शवाद
(B) प्रकृतिवाद
(C) प्रयोजनवाद ✓
(D) यथार्थवाद

Q.30

द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग के कौनसे प्रतिवेदन का नाम 'शासन में नैतिकता' है?

(A) दसवां प्रतिवेदन
(B) सातवां प्रतिवेदन
(C) चौथा प्रतिवेदन ✓
(D) दूसरा प्रतिवेदन

Q.31

सापेक्षिक आर्द्रता को मापने हेतु उपकरण है -

(A) हाइग्रोमीटर ✓
(B) एनीमोमीटर
(C) एनरॉइड बैरोमीटर
(D) हाइड्रोमीटर

Q.32

शिवाजी के प्रशासन में लेखाकार को पुकारा जाता था -

(A) दबीर
(B) मजूमदार ✓
(C) सुरुनावीस
(D) पंडितराव

Q.33

खर्च योग्य आय के लिये निम्न में से कौनसा कथन सत्य है?

(A) खर्च योग्य आय निजी आय और प्रत्यक्ष करों के बीच का अन्तर है।
(B) खर्च योग्य आय वैयक्तिक आय और अप्रत्यक्ष करों के बीच का अन्तर है।
(C) खर्च योग्य आय वैयक्तिक आय और प्रत्यक्ष करों के बीच का अन्तर है। ✓
(D) खर्च योग्य आय निजी आय और अप्रत्यक्ष करों के बीच का अन्तर है।

Q.34

यदि बहुत अधिक मुद्रा बहुत कम सामान का पीछा करती है, तो इसके परिणामस्वरूप होने वाली मुद्रास्फीति कहलाती है -

(A) स्टेगफ्लेशन
(B) मांग प्रेरित मुद्रास्फीति ✓
(C) लागतजन्य मुद्रास्फीति
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

Q.35

जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान के निम्नलिखित जिला समूह में से कौनसा सर्वाधिक साक्षरता दर रखता है?

(A) जयपुर, सीकर, अलवर
(B) कोटा, झुन्झुनू, सीकर
(C) कोटा, जयपुर, झुन्झुनू ✓
(D) जयपुर, झुन्झुनू, सीकर

Q.36

निम्नलिखित में से कौनसी $5^{\circ}10'$ उत्तरी अक्षांश से $7^{\circ}50'$ उत्तरी अक्षांश के बीच (किसी एक मध्याह्न रेखा के साथ) अनुमानित रैखिक दूरी है?

(A) 288 किमी.
(B) 290 किमी.
(C) 302 किमी.
(D) 296 किमी. ✓

Q.37

भारतीय परिप्रेक्ष्य में निम्न कथनों पर विचार करें -

(A). $M_2 = M_1$ + बैंकों के पास सावधि जमा

(B). M_3 को समग्र मौद्रिक संसाधन भी कहा जाता है।

सही विकल्प चुनें -

(A) (A) और (B) दोनों सही हैं

(B) केवल (B) सही है ✓

(C) केवल (A) सही है

(D) (A) और (B) दोनों गलत हैं

Q.38

माँग की आड़ी लोच (e_{xy}) के सम्बन्ध में निम्न पर विचार करें -

(A). यदि x और y स्थानापन्न हैं, तो e_{xy} ऋणात्मक होती है।

(B). यदि x और y पूरक हैं, तो e_{xy} धनात्मक होती है।

(C). यदि x और y संबंधित नहीं हैं, तो $e_{xy} = 0$ होती है।

सही विकल्प चुनें -

(A) केवल (A) सही है

(B) (A), (B) और (C) सभी सही हैं

(C) केवल (B) सही है

(D) केवल (C) सही है ✓

Q.39

वैज्ञानिक सिद्धांत निर्माण प्रक्रिया के निम्नांकित चरणों पर विचार कीजिए -

(i) प्राक्कल्पनाएँ

(ii) तथ्यों का वर्गीकरण

(iii) सत्यापन

(iv) सामान्यीकरण

उपर्युक्त चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए -

(A) (i), (iii), (ii), (iv)

(B) (iv), (ii), (iii), (i)

(C) (iv), (iii), (ii), (i)

(D) (i), (ii), (iii), (iv) ✓

Q.40

निम्नलिखित विद्वानों में से किसने स्वतन्त्रता और समानता को 'पूरक सिद्धांत' माना?

(I) आर.एच. टॉनी

(II) एफ.ए. हायेक

(III) सी.बी. मैकफर्सन

(IV) ए.डी. टोकेविले

सही विकल्प का चयन कीजिये -

(A) केवल (I) और (III) सही हैं ✓

(B) केवल (II) और (IV) सही हैं

(C) केवल (I), (II) और (III) सही हैं

(D) केवल (I), (III) और (IV) सही हैं

Q.41

सांप्रदायिकता के निम्नलिखित आयामों का सुझाव किसने दिया - सात्मीकरणवादी, कल्याणवादी, प्रतिपक्षी, प्रतिशोधवादी, अलगाववादी, पृथकतावादी?

(A) राम आहूजा
(B) टी.के. ओमन ✓
(C) योगेन्द्र सिंह
(D) जी.आर. मदान

Q.42

किसने समाज की परिभाषा देते हुए कहा है कि समाज कार्य प्रणालियों एवं रीतियों, अधिसत्ता एवं पारस्परिक सहायता, अनेक समूहों एवं श्रेणियों तथा मानव व्यवहार के नियन्त्रणों एवं स्वतंत्रताओं की व्यवस्था है?

(A) एम. गिन्सबर्ग
(B) एफ.एच. गिडिंग्स
(C) मैकाइवर एवं पेज ✓
(D) जॉन एफ. क्यूबर

Q.43

एच.एम. जॉनसन द्वारा दिए गए चार बिंदुओं के आधार पर हम जान सकते हैं कि समाजशास्त्र एक वैज्ञानिक विषय है। निम्नलिखित में से कौनसा बिंदु उनमें से एक नहीं है?

(A) नैतिक ✓
(B) अनुभवश्रित
(C) सिद्धांतबद्ध
(D) संचयी

Q.44

निम्नलिखित में से कौन 'कैपिटलिज़्म एण्ड फ्रीडम' पुस्तक के लेखक हैं?

(A) इसायाह बर्लिन
(B) मिल्टन फ्रीडमैन ✓
(C) आर.एच. टॉनी
(D) जे. मैकफर्सन

Q.45

निम्न में से कौन सा एच.आई.वी. (HIV) का टेस्ट नहीं है?

(A) वेस्टर्न ब्लॉट
(B) विडाल टेस्ट ✓
(C) आर.आई.पी.ए.
(D) एलिसा

Q.46

आदर्शमूलक उपयोगितावाद की सही व्याख्या है -

(A) इसमें अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख ही आदर्श है
(B) इसमें दूसरों का सुख ही मनुष्य के कर्मों का एकमात्र आदर्श है
(C) इसमें सुख के अतिरिक्त ज्ञान, सत्य, सद्गुण भी स्वतः साध्य शुभ हैं
(D) इसमें स्वयं का सुख ही मनुष्य के कर्मों का एकमात्र आदर्श है

Q.47

मानचित्र में किसी देश को चित्रित एवं अंकित करना निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से सम्बन्धित है?

(A) कौशल ✓
(B) प्रत्यभिज्ञान
(C) संगठन
(D) अवबोध

Q.48

निम्नलिखित विद्वानों में से किसने यह तर्क दिया कि 'राज्य केवल नकारात्मक स्वतन्त्रता की रक्षा कर सकता है, सकारात्मक स्वतन्त्रता राज्य के दायरे से बाहर है'?

(A) जॉन रॉल्स
(B) इसायाह बर्लिन ✓
(C) गेराल्ड सी. मैककैलम
(D) सी.बी. मैकफर्सन

Q.49

'इकाई, सूचना और अनुभव का एक संगठित निकाय है, जिसे शिक्षार्थी के लिए महत्त्वपूर्ण परिणामों को प्राप्त करने के लिए अभिकल्पित किया गया है।' यह परिभाषा किसने दी है?

(A) गुड
(B) मॉरीसन ✓
(C) वेस्ले
(D) हर्बर्ट

Q.50

कला के चिंतन से प्रेरित शांत मनोस्थिति सबसे अच्छा दृष्टान्त है -

(A) विज्ञानमय कोश का
(B) आनंदमय कोश का ✓
(C) मनोमय कोश का
(D) प्राणमय कोश का

Q.51

सामाजिक विज्ञान शिक्षण में, जो ग्लोब केवल सतह क्षेत्रवार रूपरेखा के साथ उपयोग में लाए जाते हैं, वे कहलाते हैं -

(A) राजनैतिक ग्लोब
(B) भौतिक ग्लोब
(C) खगोलीय ग्लोब
(D) स्लेट ग्लोब ✓

Q.52

किस उपनिषद् में जनक की सभा में याज्ञवल्क्य गार्गी के बीच हुए वाद-विवाद का उल्लेख है-

(A) बृहदारण्यक उपनिषद् ✓
(B) ऐतरेय उपनिषद्
(C) माण्डूक्य उपनिषद्
(D) कठ उपनिषद्

Q.53

किस विचारक ने राजनीति-प्रशासन द्वन्द्व विचार का प्रारम्भ किया?

(A) हेनरी फेयोल
(B) मैरी पार्कर फोलेट
(C) डब्ल्यू.एफ. विलोबी
(D) वुड्रो विल्सन ✓

Q.54

किसी ऋणात्मक ढाल के सरल रेखीय मांग वक्र पर दायें से बायें ऊपर की ओर विचरण करने पर मांग की कीमत लोच -

(A) घटती है।
(B) स्थिर रहती है।
(C) बढ़ती है। ✓
(D) पहले बढ़ती है, फिर घटती है।

Q.55

भारत के संविधान के भाग-V अध्याय 1 के अनुसार, संघ की कार्यपालिका में निम्नांकित में से कौन सम्मिलित नहीं है?

(A) राष्ट्रपति
(B) महान्यायवादी
(C) नियंत्रक और महालेखापरीक्षक ✓
(D) मंत्रीपरिषद्

Q.56

कान्ट के अनुसार, नैतिकता की 'आवश्यक मान्यताओं' में निम्न में से कौनसी मान्यता सम्मिलित नहीं है?

(A) आत्मा की अमरता
(B) कर्म करने की क्षमता ✓
(C) ईश्वर का अस्तित्व
(D) संकल्प की स्वतन्त्रता

Q.57

कौन भारत के प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का सदस्य नहीं था?

(A) हरीश चन्द्र माथुर
(B) के. हनुमन्तैया
(C) जी.एस. पाठक
(D) वी. रामचन्द्रन ✓

Q.58

कांग्रेस द्वारा अगस्त 1942 के किस अधिवेशन में भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित हुआ?

(A) बम्बई ✓
(B) पूना
(C) नागपुर
(D) मद्रास

Q.59

समस्या समाधान विधि के किस चरण में विद्यार्थियों को समस्या के सभी संभावित अनुमानित समाधानों पर विचार करने के लिए प्रेरित किया जाता है?

(A) उद्देश्यों का निर्धारण
(B) सूचनाओं का विश्लेषण
(C) समस्या समाधान का निष्कर्ष
(D) परिकल्पना का निर्माण ✓

Q.60

लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अन्तर्गत, लोकपाल की नियुक्ति हेतु चयन समिति में कितने सदस्य होने चाहिये?

(A) एक अध्यक्ष एवं दो सदस्य
(B) एक अध्यक्ष एवं चार सदस्य ✓
(C) एक अध्यक्ष एवं तीन सदस्य
(D) एक अध्यक्ष एवं पांच सदस्य

Q.61

विश्व में सर्वोच्च ज्वार ..... में आते हैं-

(A) बंगाल की खाड़ी
(B) हडसन की खाड़ी
(C) फंडी की खाड़ी ✓
(D) बिस्के की खाड़ी

Q.62

कनिष्क की शिरोहीन खड़ी मूर्ति जिसके निचले भाग में कनिष्क का नाम खुदा है, कहाँ से प्राप्त हुई थी?

(A) अमरावती
(B) गांधार
(C) मथुरा ✓
(D) नागार्जुनकोंडा

Q.63

निम्न में से किस परिस्थिति में सरकार के बजट का प्राथमिक घाटा शून्य होगा?

(A) जब शुद्ध ब्याज भुगतान शून्य है
(B) जब राजस्व घाटा शून्य हो जाता है
(C) जब राजकोषीय घाटा शून्य है
(D) जब राजकोषीय घाटा ब्याज भुगतान के बराबर है ✓

Q.64

निम्न में से किस संकेतक को जीवन के भौतिक गुणवत्ता सूचकांक के निर्माण में सम्मिलित नहीं किया गया है?

(A) शिशु मृत्यु दर
(B) जीवन प्रत्याशा
(C) आधारभूत साक्षरता
(D) प्रति व्यक्ति आय ✓

Q.65

निम्नांकित में से कौनसी गर्म हवा/हवाएं है/हैं?
(A) फॉन
(B) मिस्ट्रल
(C) चिनूक
(D) बोरा
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए -
कूट -

(A) (A) तथा (D) सही हैं
(B) (A) तथा (C) सही हैं ✓
(C) केवल (C) सही है
(D) (B) तथा (D) सही हैं

Q.66

ग्रीष्म ऋतु में कर्नाटक में होने वाली चक्रवाती वर्षा है-

(A) मावट
(B) काल बैसाखी
(C) नॉरवेस्टर
(D) चेरी ब्लॉसम ✓

Q.67

सूची-I का सूची-II से मिलान करें और इनके नीचे दिये हुए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें -

सूची - I	सूची - II
(A) समान्तर माध्य	(i) यह बंटन को दो समान भागों में विभाजित करता है।
(B) माध्यिका	(ii) यह केन्द्रीय प्रवृत्ति का सुस्थिर मापक है।
(C) बहुलक	(iii) यह श्रेणी का सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि मूल्य है।

कूट -

(A) A-(i), B-(ii), C-(iii)
(B) A-(ii), B-(i), C-(iii) ✓
(C) A-(ii), B-(iii), C-(i)
(D) A-(iii), B-(ii), C-(i)

Q.68

निम्न में से उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जो -
(a) सतत विकास लक्ष्यों की संख्या
(b) इसके घोषणा के वर्ष और
(c) लक्ष्य उपलब्धि वर्ष को क्रमशः दर्शाता हो

(A) 7, 2000 और 2015
(B) 20, 2020 और 2030
(C) 15, 2000 और 2015
(D) 17, 2015 और 2030 ✓

Q.69

'मिशन सागर' से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

कथन (A) इसे भारत द्वारा हिन्द महासागर क्षेत्र के देशों के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ाने के लिए 2020 में प्रारंभ किया गया था।
कथन (B) यह भारत के दृष्टिकोण 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' (सागर) के अनुरूप है।

सही विकल्प चुनिये -

(A) कथन (A) और (B) दोनों सही हैं
(B) कथन (A) और (B) दोनों सही नहीं हैं
(C) केवल कथन (B) सही है ✓
(D) केवल कथन (A) सही है

Q.70

संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -
(I) प्रक्रिया सम्बन्धी मामलों पर सुरक्षा परिषद के निर्णय नौ सदस्यों के सकारात्मक मत से लिए जाएंगे, जिसमें सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों के सहमति मत भी सम्मिलित होंगे।
(II) अन्य सभी मामलों पर, सुरक्षा परिषद के निर्णय नौ सदस्यों के सकारात्मक मत से लिए जाएंगे।
सही विकल्प चुनिये -

(A) कथन (I) एवं (II) दोनों सही नहीं हैं ✓
(B) केवल कथन (I) सही है
(C) केवल कथन (II) सही है
(D) कथन (I) एवं (II) दोनों सही हैं

Q.71

हिन्दू धर्म की पुरुषार्थ व्यवस्था में, किस पुरुषार्थ को अन्तिम लक्ष्य माना गया है?

(A) मोक्ष ✓
(B) अर्थ
(C) काम
(D) धर्म

Q.72

यह किसका मानना है कि सामाजिक वर्ग औद्योगिक समाजों के चारित्रिक लक्षण हैं?

(A) एस.एफ. नाडेल
(B) योगेश अटल
(C) टी.बी. बोटोमोर ✓
(D) एम.एस.ए. राव

Q.73

यह किसका कथन है कि "मानव समाज में धर्म इतना सार्वभौमिक, स्थायी एवं व्यापक है कि धर्म को स्पष्ट रूप से समझे बिना हम समाज को नहीं समझ सकते हैं"?

(A) के. डेविस ✓
(B) ई.बी. टायलर
(C) बी. मालिनोवस्की
(D) ए.आर. रेडक्लिफ ब्राउन

Q.74

निम्नलिखित में से कौनसे विषय भारत के संविधान की राज्य सूची में सम्मिलित हैं?
(I) बीमा
(II) प्रतिव्यक्ति कर
(III) मात्स्यिकी
(IV) आर्थिक और सामाजिक योजना
सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) (I), (II), (III) और (IV)
(B) केवल (I) और (II)
(C) केवल (II), (III) और (IV)
(D) केवल (II) और (III) ✓

Q.75

संरचनात्मक दृष्टि से, किसने जातियों को "वंशानुगत रूप से विशिष्ट और पदानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित समूह" के रूप में समझाया है, जबकि एक प्रणाली के रूप में, उन्होंने इसकी तीन विशेषताओं का उल्लेख किया है: पदानुक्रम, वंशानुगत विशेषज्ञता और प्रतिकर्षण?

(A) सी. बौगल ✓
(B) एस.एन. दासगुप्ता
(C) एम.एस. गोरे
(D) बी.आर. चौहान

Q.76

गाँधी के नीतिशास्त्र में अहिंसा, सत्य और ईश्वर के सन्दर्भ में साध्य-साधन के संबंध को बताने वाला निम्नलिखित में से सही विकल्प बताइये -

अहिंसा	सत्य	ईश्वर
साधन	साधन	साध्य
साधन	साध्य	साध्य
साध्य	साधन	साध्य
साध्य	साध्य	साधन

(A) 2
(B) 4
(C) 3
(D) 1

Q.77

सामाजिक विज्ञान के अध्यापक में कौनसा गुण होना अति आवश्यक है?

(A) शिक्षा की डिग्री
(B) शिक्षण कला का व्यावहारिक ज्ञान ✓
(C) अच्छे वस्त्र
(D) सुन्दरता

Q.78

'बी सी आई एम आर्थिक गलियारे' में निम्नलिखित में से कौनसे देश सम्मिलित नहीं हैं?

(I) भूटान
(II) चीन
(III) मालदीव
(IV) बांग्लादेश

(A) केवल (II) और (III)
(B) केवल (I) और (III) ✓
(C) केवल (III) और (IV)
(D) केवल (I) और (II)

Q.79

सामाजिक विज्ञान एक ऐसा विषय है, जो संबंधित है -
(a) मानव से
(b) मानव एवं अन्य मानवों के साथ उसके संबंधों से
(c) मानव एवं उसके पर्यावरण से
सही कूट का चयन कीजिए -

(A) केवल (b)
(B) केवल (a) एवं (b)
(C) (a), (b) एवं (c) ✓
(D) केवल (a) एवं (c)

Q.80

बौद्ध नीतिशास्त्र के अनुसार 'सम्यक व्यायाम' का क्या तात्पर्य है?

(A) न्यायपूर्ण जीविकोपार्जन
(B) शुभ की उत्पत्ति और अशुभ के निरोध हेतु प्रयत्न ✓
(C) चित्त की एकाग्रता
(D) सत्य मार्ग पर चलने का निश्चय

Q.81

इनमें से कौनसी एक अच्छे परीक्षण की तकनीकी विशेषता नहीं है?

(A) विश्वसनीयता
(B) वैधता
(C) व्यक्तिनिष्ठता ✓
(D) भेदबोधकता

Q.82

हाउस ऑफ कॉमन्स में 1857 के विद्रोह को 'राष्ट्रीय विद्रोह' किसने कहा?

(A) दादाभाई नौरोजी
(B) ग्लैडस्टोन
(C) डिजरायली ✓
(D) पामर्स्टन

Q.83

हेनरी फेयोल ने किसी औद्योगिक उपक्रम की समस्त क्रियाओं को कितने समूहों में बाँटा है?

(A) 9
(B) 8
(C) 5
(D) 6 ✓

Q.84

माँग की आय लोच शून्य होगी, यदि आय में दिया गया परिवर्तन -

(A) माँगी गई मात्रा में आनुपातिक परिवर्तन से अधिक परिवर्तन लाता है।
(B) माँगी गई मात्रा में समान आनुपातिक परिवर्तन लाता है।
(C) माँग में परिवर्तन नहीं लाता है। ✓
(D) माँगी गई मात्रा में आनुपातिक परिवर्तन से कम परिवर्तन लाता है।

Q.85

निम्नांकित में से भारत के संविधान में किस संशोधन के द्वारा अनुच्छेद 352(1) में से "आन्तरिक अशान्ति" शब्द हटाया गया है?

(A) 42वां संशोधन अधिनियम
(B) 46वां संशोधन अधिनियम
(C) 39वां संशोधन अधिनियम
(D) 44वां संशोधन अधिनियम ✓

Q.86

आत्मा, ईश्वर और जगत का सुनिश्चित और निर्विवाद ज्ञान प्राप्त करने के लिए देकार्ट की दार्शनिक विधि है -

(A) द्वन्द्वात्मक
(B) संशयात्मक ✓
(C) अन्तः प्रज्ञात्मक
(D) अनुभवातीत

Q.87

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नांकित में से किसे भारत का प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त नियुक्त किया गया?

(A) ए.एन. तिवारी
(B) एम.एम. अंसारी
(C) वजाहत हबीबुल्लाह ✓
(D) ओ.पी. केजरीवाल

Q.88

'मनसब' शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है?

(A) उर्दू
(B) फारसी
(C) अरबी ✓
(D) हिब्रू

Q.89

मानचित्र का कौनसा प्रकार सांस्कृतिक मानचित्रों में सम्मिलित नहीं है?

(A) राजनैतिक मानचित्र
(B) भूगर्भिक मानचित्र ✓
(C) जनसंख्या मानचित्र
(D) आर्थिक मानचित्र

Q.90

लोक प्रशासन की प्रकृति के संदर्भ में निम्नांकित दृष्टिकोणों में से फिफनर, एफ.एम. मार्क्स एवं एल.डी. व्हाइट द्वारा किस दृष्टिकोण का समर्थन किया गया है?

(A) आधुनिक दृष्टिकोण
(B) पोकोर्क दृष्टिकोण
(C) प्रबन्धकीय दृष्टिकोण
(D) एकीकृत दृष्टिकोण ✓

Q.91

इसराना पहाड़ियाँ अवस्थित हैं—

(A) राजसमंद-उदयपुर
(B) सीकर-झुंझुनूं
(C) करौली-सवाईमाधोपुर
(D) जालौर-सांचौर ✓

Q.92

निम्नलिखित में से किसने 'नमक मार्च' की तुलना नेपोलियन के पेरिस मार्च से की थी?

(A) जे.एल. नेहरू
(B) चिंतरंजन दास
(C) सुभाष चन्द्र बोस ✓
(D) श्री ब्रेल्सफोर्ड

Q.93

उपभोक्ता संतुलन के संबंध में निम्न में से कौनसा कथन सही है?

(A) तटस्थता वक्र का ढाल, बजट रेखा के ढाल से कम होता है।
(B) वस्तुओं के लिए उपभोक्ता का मूल्यांकन, बाजार-मूल्यांकन से अधिक होता है।
(C) तटस्थता वक्र का ढाल, बजट रेखा के ढाल से अधिक होता है।
(D) तटस्थता वक्र का ढाल, बजट रेखा के ढाल के बराबर होता है। ✓

Q.94

माध्यिका 280 और माध्य 310 वाले मध्यम असममित बंटन में बहुलक का मान क्या होगा?

(A) 290
(B) 200
(C) 220 ✓
(D) 320

Q.95

'बराकर' एक सहायक नदी है -

(A) सतलज नदी की
(B) यमुना नदी की
(C) महानन्दा नदी की
(D) दामोदर नदी की ✓

Q.96

गढ़, कोटारी तथा मंगरोप खनन क्षेत्र हैं -

(A) मैग्नेसाइट
(B) फायर क्ले
(C) चाइना क्ले
(D) सिलिका सैन्ड ✓

Q.97

निम्नांकित में से किस वर्ष में, संयुक्त राष्ट्र ने 'मिलेनियम डेवलपमेंट गोल्स' अपनाए?

(A) 2015
(B) 2000 ✓
(C) 2001
(D) 2020

Q.98

निम्नलिखित में से कौनसी अवधारणा दुनिया पर आलोचनात्मक दृष्टि को प्रस्तुत करती है, जिसमें प्रत्येक सामाजिक परिघटना को एक व्यापक सामाजिक संदर्भ में देखा जाता है?

(A) सामाजिक शोध
(B) समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य ✓
(C) सामाजिक सर्वेक्षण
(D) सामाजिक सिद्धांत

Q.99

जाति के कार्यों को किसने दो स्तरों - संस्कारिक और वैचारिक पर विश्लेषित किया है?

(A) नर्मदेश्वर प्रसाद
(B) एम.एन. श्रीनिवास ✓
(C) आर.के. मुखर्जी
(D) डी.एन. मजूमदार

Q.100

निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक परिवर्तन का महत्त्वपूर्ण स्रोत नहीं है?

(A) एकीकरण ✓
(B) प्रसार
(C) आविष्कार
(D) खोज

Q.101

भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता निम्नलिखित में से किस वर्ष लागू हुआ?

(A) 2005
(B) 2000 ✓
(C) 2009
(D) 1998

Q.102

समाजशास्त्रीय विश्लेषण करने वाली प्रथम कृति हर्बर्ट स्पेन्सर द्वारा लिखी गई पुस्तक का क्या नाम है?

(A) ए हैण्डबुक ऑफ सोशियोलॉजी
(B) द प्रिन्सिपल्स ऑफ सोशियोलॉजी ✓
(C) सोशियोलॉजी
(D) एलीमेन्ट्स ऑफ सोशियोलॉजी

Q.103

मोक्ष प्राप्ति के लिए समस्त सांसारिक सुखों का त्याग करके कठोर तपस्या व वैराग्यपूर्ण जीवन का उपदेश किस दर्शन में दिया गया है?

(A) गाँधी दर्शन
(B) बौद्ध दर्शन
(C) जैन दर्शन ✓
(D) चार्वाक दर्शन

Q.104

पाठ योजना के हर्बर्ट के पंचपदीय उपागम में निम्नलिखित में से कौनसा सही क्रम है?
(a) तैयारी
(b) प्रस्तुतीकरण
(c) अनुप्रयोग
(d) मूल्यांकन
(e) सामान्यीकरण
(f) साहचर्य
सही कूट का चयन कीजिए -

(A) a, b, f, e, c ✓
(B) a, b, c, d, f
(C) b, c, d, e, f
(D) a, b, c, d, e

Q.105

निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या निर्माण का सिद्धान्त नहीं है-

(A) अभिप्रेरणा का सिद्धान्त
(B) लचीलेपन का सिद्धान्त
(C) सामुदायिक जीवन के सम्बन्ध का सिद्धान्त
(D) पृथकता का सिद्धान्त ✓

Q.106

ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में कौनसी धारणा अभिव्यक्त हुई है?

(A) अनीश्वरवाद
(B) सर्वेश्वरवाद
(C) एकत्ववाद ✓
(D) ईश्वरवाद

Q.107

निम्नलिखित में से कौनसा कथन सामाजिक विज्ञान शिक्षण में सहसंबंध के महत्त्व को इंगित नहीं करता?

(A) ज्ञान के पृथक्करण का बोध कराता है। ✓
(B) पाठ्यचर्या के भार को कम करता है।
(C) तथ्यों को समझना आसान हो जाता है।
(D) ज्ञान का व्यावहारिक अनुप्रयोग प्रदान करता है।

Q.108

रामानंद की उन महिला शिष्यों का नाम था जिन्होंने उनकी मृत्यु के बाद उनका संदेश घर-घर पहुंचाया?

(A) कराइकल अम्मैयार और गंगासती
(B) अंडाल और जानाबाई
(C) पद्मावती और सुरसुरी ✓
(D) लाडबाई और मीरा

Q.109

निम्नलिखित में से सम्प्रेषण प्रक्रियाओं का सही क्रम कौनसा है?

(A) सम्प्रेषक, संदेश, प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया, माध्यम
(B) सम्प्रेषक, संदेश, माध्यम, प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया ✓
(C) संदेश, माध्यम, सम्प्रेषक, प्राप्तकर्ता, प्रतिक्रिया
(D) संदेश, सम्प्रेषक, प्राप्तकर्ता, माध्यम, प्रतिक्रिया

Q.110

निम्न कथनों पर विचार करें -

(A) माँग में परिवर्तन का अर्थ किसी वस्तु की कीमत में परिवर्तन के परिणामस्वरूप दिए गए माँग वक्र पर विचरण से है।

(B) माँगी गई मात्रा में परिवर्तन किसी वस्तु के सम्पूर्ण माँग वक्र में विवर्तन है, जो किसी व्यक्ति की मौद्रिक आय या रुचियों या अन्य वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन के परिणामस्वरूप होता है।

सही विकल्प चुनें -

(A) केवल (A) सही है
(B) (A) और (B) दोनों गलत हैं ✓
(C) केवल (B) सही है
(D) (A) और (B) दोनों सही हैं

Q.111

राजनीतिक सिद्धांत/विचार से सम्बन्धित निम्नांकित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) शास्त्रीय राजनीतिक विचार अच्छे समुदाय, नागरिकता के दायित्व जैसे प्रश्नों से संबंधित है।

(B) समकालीन राजनीतिक सिद्धांत 1970 के दशक में राजनीतिक सिद्धांत में 'फाउंडेशनलिस्ट मोड़' से प्रभावित हुआ है। ✓

(C) आधुनिक काल तक राजनीतिक सिद्धांत एक पाठ्य (टेक्सुअल) परंपरा रही है।

(D) मध्यकालीन राजनीतिक विचार बौद्धिक जीवन में ईसाई धर्मशास्त्र के प्रभुत्व से आच्छादित थे।

Q.112

दण्ड का कौनसा सिद्धान्त आत्म-नियन्त्रणवाद की अवधारणा पर आधारित है?

(A) केवल प्रतिकारात्मक सिद्धान्त

(B) केवल सुधारवादी सिद्धान्त ✓

(C) प्रतिकारात्मक सिद्धान्त और प्रतिरोधात्मक सिद्धान्त दोनों

(D) केवल प्रतिरोधात्मक सिद्धान्त

Q.113

तृतीय मिनोब्रुक कॉन्फ्रेंस सन् 2008 में आयोजित हुई जिसका थीम - 'भविष्य का लोक प्रशासन, भविष्य का लोक प्रबन्धन एवं भविष्य की लोक सेवाएँ' रखा गया। इस सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?

(A) रोज़मेरी ओ'लेरी ✓

(B) एल.डी. व्हाइट

(C) विलियम ए. निस्कानेन

(D) विन्सेंट ऑस्ट्रोम

Q.114

गुप्तकालीन पुस्तक 'रोमक सिद्धांत' संबंधित थी -

(A) गणित से

(B) धर्म से

(C) तकनीक से

(D) खगोलशास्त्र से ✓

Q.115

निम्नलिखित में से कौनसा सामाजिक विज्ञान की इकाई योजना का एक घटक नहीं है?

(A) अनुदेशनात्मक उद्देश्यों का निर्धारण

(B) उप-इकाइयों का विभाजन

(C) शिक्षण सामग्रियों संबंधी निर्णय

(D) प्रस्तावना प्रश्नों का निर्माण ✓

Q.116

"पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इन ए टाइम ऑफ टर्बुलेन्स" पुस्तक किसने लिखी?

(A) डी. वाल्डो ✓

(B) क्रिस्टोफर हूड

(C) ओसबोर्न व गैबलर

(D) फ्रैंक मारिनी

Q.117

क्रस्ट व सबस्ट्रेटम को पृथ्वी की दो प्रमुख परतें किसने मानी?

(A) प्रैट
(B) होम्स
(C) डेली
(D) सुएस ✓

Q.118

'अमेरिकन फिलॉसॉफिकल सोसायटी' की स्थापना किसने की थी?

(A) बेंजामिन फ्रैंकलिन ✓
(B) थॉमस पेन
(C) सैमुअल एडम्स
(D) पैट्रिक हेनरी

Q.119

मान लीजिए कि बैंकों की प्राथमिक जमा राशि ₹$10,000$ है और केन्द्रीय बैंक का नकद आरक्षित अनुपात 10%, वैधानिक तरलता अनुपात 25% है और बैंकों के पास जमा राशि का अप्रयुक्त अनुपात 5% है, तो कुल जमा राशि होगी -

(A) ₹$15,000$
(B) ₹$30,000$
(C) ₹$20,000$
(D) ₹$25,000$ ✓

Q.120

निम्न में से कौनसा इस्पात संयंत्र जर्मनी के सहयोग से स्थापित किया गया था-

(A) दुर्गापुरा
(B) बोकारो
(C) राउरकेला ✓
(D) भिलाई

Q.121

पृथ्वी का औसत ऐल्बिडो है -

(A) 31%
(B) 27%
(C) 47%
(D) 35% ✓

Q.122

मान लीजिये, एक व्यापारी है, वह व्यापारी होने के नाते ग्राहकों, एजेन्टों, आयकर अधिकारियों तथा व्यापार यूनियन के सम्पर्क में आता है। अतः इन सबसे व्यवहार करने में जो भूमिका करने का प्रतिमान है, वह ..... कहलाता है।

(A) भूमिका प्रतिमान ✓
(B) प्रस्थिति प्रतिमान
(C) भूमिका संघर्ष
(D) प्रस्थिति श्रृंखला

Q.123

निम्न में से कौनसा गरीबी उन्मूलन या कम से कम इसे महत्त्वपूर्ण रूप से कम करने के उपायों में से एक नहीं है?

(A) रोजगार सृजन
(B) भूमि-मानव अनुपात
(C) वितरण न्याय
(D) काले धन का प्रवाह ✓

Q.124

आदेश की एकता का अर्थ है-

(A) एक उच्च अधिकारी समस्त कर्मचारियों को आदेश देगा
(B) दो उच्च अधिकारी समस्त अधिकारियों को आदेश देंगे
(C) समस्त उच्च अधिकारी एक अधीनस्थ को आदेश देंगे
(D) एक अधीनस्थ केवल एक उच्च अधिकारी से आदेश प्राप्त करेगा ✓

Q.125

जैन दर्शन के अनुसार "मिथ्योपदेश" किस गुण या व्रत का उल्लंघन है?

(A) अहिंसा
(B) सत्य ✓
(C) अचौर्य
(D) सम्यग्दर्शन

Q.126

निबंधात्मक प्रश्नों के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही है?
(a) विचार अभिव्यक्ति के अवसर
(b) मूल्यांकन में वस्तुनिष्ठता
(c) लेखन कौशल का मूल्यांकन
(d) आलोचनात्मक चिंतन का मूल्यांकन
सही कूट का चयन कीजिए –

(A) (a), (c) एवं (d) ✓
(B) (a), (b) एवं (c)
(C) (b) एवं (c)
(D) (b) एवं (d)

Q.127

निष्काम कर्म के अभ्यास का मुख्य परिणाम क्या है?

(A) सामाजिक प्रतिष्ठा
(B) सफलता
(C) समत्व भाव ✓
(D) स्वयं में सुधार

Q.128

प्रश्नों के प्रकार के संबंध में, निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही नहीं है?

(A) रिक्त पूर्ति - प्रत्यास्मरण
(B) बहुवैकल्पिक - प्रत्यभिज्ञान
(C) सत्य/असत्य - प्रत्यभिज्ञान
(D) मिलान - प्रत्यास्मरण ✓

Q.129

सर विलियम जोन्स ने चन्द्रगुप्त मौर्य का समीकरण निम्न में से किससे किया?

(A) सैण्ड्रोकोटस ✓
(B) अमित्रोचेट्स
(C) एलित्रोचेड्स
(D) एग्रामेस

Q.130

भारत के प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने कितने प्रतिवेदन प्रस्तुत किये थे?

(A) बीस ✓
(B) पन्द्रह
(C) दस
(D) अठारह

Q.131

उपनिषदों के अनुसार, जीवात्मा की निम्न चार अवस्थाएं हैं -

(A) भूतादि अवस्था, वैकृत अवस्था, स्वप्न अवस्था, सुषुप्ति अवस्था
(B) जाग्रत अवस्था, स्वप्न अवस्था, सुषुप्ति अवस्था, तुरीयावस्था ✓
(C) वैकृत अवस्था, स्वप्न अवस्था, सुषुप्ति अवस्था, तुरीयावस्था
(D) जाग्रत अवस्था, वैकृत अवस्था, स्वप्न अवस्था, तुरीयावस्था

Q.132

संगठन के 'मानव व्यवहार दृष्टिकोण' का अग्रदूत किसे माना जाता है?

(A) हर्बर्ट साइमन
(B) चेस्टर बर्नार्ड
(C) मैरी पार्कर फोलेट ✓
(D) एल्टन मेयो

Q.133

निम्न में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है-

(A) बुद्ध चरित्र- अश्वघोष
(B) विभाषाशारण- वसुमित्र
(C) तत्व संग्रह- शांति रक्षित
(D) पंचभूमि- वसुबंधु ✓

Q.134

ब्लूम टैक्सोनॉमी के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसे प्रकार के प्रश्न संज्ञानात्मक क्षेत्र के अवबोध उद्देश्य की प्राप्ति के मूल्यांकन हेतु उपयुक्त नहीं है?

(A) दृष्टांत प्रश्न
(B) प्रत्यभिज्ञान प्रश्न ✓
(C) व्याख्यात्मक प्रश्न
(D) वर्गीकरण प्रश्न

Q.135

मिल के उपयोगितावाद के संदर्भ में कौनसा कथन असत्य है?

(A) सुख ही मनुष्य की समस्त इच्छाओं का मूल प्रयोजन है।

(B) सुख में परिमाणात्मक भेद के साथ-साथ गुणात्मक भेद भी होता है।

(C) सुख में केवल परिमाणात्मक भेद होता है। ✓

(D) कर्म का शुभत्व उससे उत्पन्न सुख से निर्धारित होता है।

Q.136

निम्नलिखित में से कौनसी ठण्डी जलधारा है?

(A) कैलिफोर्निया ✓

(B) फ्लोरिडा

(C) गिनी

(D) कुरोशियो

Q.137

ब्रिटिश सरकार द्वारा महात्मा गांधी को दी गई उपाधि, जिसे उन्होंने असहयोग आंदोलन के दौरान त्याग दिया था, वह थी-

(A) राय बहादुर

(B) माननीय 'सर'

(C) कैसर-ए-हिन्द ✓

(D) हिंद केसरी

Q.138

'साम्य-स्थापना' प्रमाण जिस सिद्धांत से संबंधित है, वह है -

(A) प्लेट विवर्तनिकी - हेस

(B) संवहन तरंग सिद्धांत - होम्स

(C) महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत - वेगनर ✓

(D) भूसन्नति सिद्धांत - कोबर

Q.139

निम्न में से किस समाजशास्त्री ने समाजशास्त्र को समाज के समग्र स्वरूप का क्रमबद्ध अध्ययन एवं व्याख्या करने वाला विज्ञान माना है?

(A) पी. जिसबर्ट

(B) एल.एफ. वार्ड

(C) एच.डब्ल्यू. ओडम

(D) एफ.एच. गिडिंग्स ✓

Q.140

"एण्डिंग करप्शन: हाउ टू क्लीन अप इण्डिया" पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) के.एस. माथुर

(B) एन. विट्ठल ✓

(C) एस. कोहली

(D) पी.सी. चौधरी

Q.141

"दो या दो से अधिक संभव विकल्पों में से किसी एक व्यवहार्य विकल्प को चुन लेना ही निर्णय करना है।" किसका कथन है?

(A) जॉर्ज आर टेरी ✓
(B) लुण्डबर्ग
(C) जे.सी. ग्लोवर
(D) हर्बर्ट साइमन

Q.142

निम्न में से कौनसा वेदांग नहीं है?

(A) शिक्षा
(B) स्मृति/ गणित ✓
(C) कल्प
(D) छन्द

Q.143

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, माध्यमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान के अन्तर्गत कौनसे विषय आते हैं?

(A) इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र ✓
(B) इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, मानव विज्ञान
(C) इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र
(D) इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र

Q.144

किस ज़ार को रूस की आन्तरिक व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिए 'उद्धारक ज़ार' कहा गया है?

(A) निकोलस II
(B) अलेक्ज़ेण्डर I
(C) निकोलस I
(D) अलेक्ज़ेण्डर II ✓

Q.145

निम्नलिखित में से कौन 'उदासीनता के क्षेत्र' से सम्बन्धित है?

(A) चेस्टर बर्नार्ड ✓
(B) एल्टन मेयो
(C) एम.पी. फोलेट
(D) हर्बर्ट साइमन

Q.146

लोकपाल एवं लोकायुक्त अधिनियम, 2013 के संदर्भ में निम्न में से कौनसा सही नहीं है?

(A) पूर्व प्रधानमंत्री इसके क्षेत्राधिकार में हैं।
(B) यह 6 महीने में जांच सम्पन्न करेगा।
(C) इसमें एक चेयरमैन तथा 8 सदस्य होंगे।
(D) इनमें से 5 न्यायिक सदस्य होंगे। ✓

Q.147

ताजमहल के 'गुंबद' निर्माण का कार्य किसने किया?

(A) गेरोनिमो वेरोनियो
(B) उस्ताद ईसा इफेंडी
(C) इस्माइल खान ✓
(D) उस्ताद अहमद

Q.148

'नुब्रा घाटी' स्थित है-

(A) शिवालिक श्रेणी में
(B) काराकोरम श्रेणी में ✓
(C) जास्कर श्रेणी में
(D) लद्दाख श्रेणी में

Q.149

निम्नलिखित में से कौनसा एक शील्ड ज्वालामुखी का उदाहरण है?

(A) विसुवियस
(B) माउण्ट फूजी
(C) हवाई द्वीपसमूह ✓
(D) माउण्ट सेन्ट हेलेना

Q.150

उस पुरातत्वविद् का नाम बताइये जिसने प्रथम बार पूर्व हड़प्पा संस्कृति और नगरीय हड़प्पा संस्कृति की समानताओं को रेखांकित किया।

(A) डी.एच. गार्डन
(B) मॉर्टिमर व्हीलर
(C) जॉन मार्शल
(D) अमलानंद घोष ✓



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in